प्रदर्शन समर्थन मूल्य पर बार-बार समय बढ़ाने और ऋण वसूली की तिथि निर्धारित करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

किसान परेशान, सरकार की नियत पर सवाल

नवभारत, कटनी। समर्थन मूल्य पर होने वाली गेहूं की खरीदी शुरू होने की तिथियों में बार-बार बढ़ोत्तरी करने सहित किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने से पहले ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह और शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के बाहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि वर्तमान भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण प्रदेश का अन्नदाता गंभीर समस्याओं से

जूझ रहा है। सरकारी मूल्य पर गेहूं खरीदी की तिथियों में बार-बार परिवर्तन 23 मार्च, 1 अप्रैल, 10 अप्रैल और अब 15 अप्रैल किए जाने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों को अपनी फसल बेचने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों के ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित किए जाने के कारण काफी संख्या में किसान डिफाल्टर घोषित हो गए हैं। इसके परिणामस्वरूप किसानों को मजबूरी में अपनी उपज 2000 से 2200 रुपए प्रति क्विंटल के कम दामों पर बेचनी पड़ रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं पड़ोसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से गेहूं उपार्जन प्रारंभ हो चुका है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया को तत्काल सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए। किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि ऋण वसूली की समय-सीमा में वृद्धि कर किसानों को राहत दी जाए। किसानों को उचित मूल्य दिलाने ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाए। समस्याओं का जल्द निराकरण कर किसानों को राहत दी जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, गणेश राव, सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, कल्लूदास बैरागी, अजय गर्ग, जितेन्द्र सिंह, सरमन चौधरी, मंगल सिंह, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील जायसवाल, रविंद्र सिंह बघेल, नरेंद्र सैनी, विकास निगम, राजेश जाटव, रमाकांत दुबे नदीम अहमद, अंबिका प्रसाद द्विवेदी, शरद द्विवेदी, रणजीत सिंह, अजय जसवानी, मनीषा सिंह सोलंकी, माया चौधरी, प्रियदर्शन गौर, नारायण निषाद, श्याम यादव, जालिम यादव, पार्षद मनोज गुप्ता, समर, जय उरमलिया, गणेश नारायण गुप्ता, मजीद खान, मुन्ना भाई जान, रजनी वर्मा, सौम्या रंधेलिया सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

याचिका पर हुई सुनवाई, सरकार से मांगा गया जवाब

समाजसेवी अधिवक्ता ने लगाई जनहित याचिका

नवभारत, कटनी। मैहर, कटनी, शहडोल और उमरिया जिलों को आपस में जोड़ने वाले महानदी पुल बंद होने से आमजन को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं परेशानियों के मद्देनजर कैमोर निवासी समाजसेवी अधिवक्ता ब्रह्ममूर्ति तिवारी ने वर्ष 2024 के अक्टूबर महीने में माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में मांग की गई थी कि पुल को जल्द मरम्मत कर नागरिकों के लिए दोबारा खोला जाए, ताकि क्षेत्रीय यातायात सुचारु हो सके। याचिकाकर्ता ने यह भी उल्लेख किया था कि पुल के बंद रहने से न सिर्फ दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने न्यायालय से समय की मांग करते हुए कहा कि पुल की वर्तमान स्थिति और यदि इसे अब तक नहीं खोला गया है, तो नागरिकों के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं, इसकी जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। न्यायालय ने सरकार को जानकारी प्रस्तुत करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 मई निर्धारित की है। पुल में आवागमन शुरू होने से जनता को राहत मिलेगी।

एक नजर में

भराभरा आश्रम में 11 को होगा अखंड हरिनाम कीर्तन

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान के समीपस्थ भरभरा आश्रम में 11 अप्रैल को अखंड हरिनाम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा । यह आयोजन संतश्री बनवारी दास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। जानकारी के अनुसार कीर्तन का शुभारंभ सुबह 8 बजे से होगा, जिसमें छिंदवाड़ा से आई भक्त मंडली साज-बाज के साथ 24 घंटे तक संगीतमय हरि नाम संकीर्तन प्रस्तुत करेगी। यह अखंड कीर्तन 12 अप्रैल को समापन के साथ पूरा होगा। समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए दही-लाई महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा । आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने के लिए कहा है।

प्रतिबंध के बावजूद खनन कर रही बोरिंग मशीन जब्त

नवभारत,कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिले में नलकूप खनन पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर तहसील बहोरीबंद में राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खनन कर रही बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया। बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया, तहसीलदार आशीष अग्रवाल के मार्गदर्शन में हल्का राजस्व की टीम ने हथियागढ़ के कटही ग्राम में दबिश दी। यहाँ पंचम यादव के खेत पर प्रतिबंधात्मक आदेश की अवहेलना करते हुए बोरिंग का कार्य किया जा रहा था। जिस पर मौके पर पहुंची टीम ने कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार कर बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया है।

होम्योपैथी दिवस पर नि:शुल्क शिविर आज

नवभारत,कटनी। विश्व होम्योपैथिक दिवस हैनीमैन जयंती के अवसर पर 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जिले की 3 होम्योपैथी संस्थाओं आयुष विंग जिला अस्पताल, विकासखंड कटनी अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कछगवां जोबा, ढीमरखेड़ा अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुरवारी में शिविर लगाए जाएंगे।

मध्यान्ह भोजन की परखी गुणवत्ता, देखी उपलब्धता

जनपद पंचायत सीईओ ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेन्द्र कोरी ने स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन और अन्य संचालित गतिविधियों के साथ जल जीवन मिशन द्वारा निर्मित परियोजनाओं, स्वीकृत निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जनपद पंचायत सीईओ ने माध्यमिक शाला सिलोड़ी बाजार मोहल्ला, ग्राम पंचायत नेगई, तिलमन और घाना पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, उपलब्धता,

उपस्थिति पंजी, हैंड वॉश यूनिट, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण व कूप मरम्मत कार्य, खेल मैदान बैठक व्यवस्था, सामुदायिक और पंचायत भवन सहित जल जीवन मिशन द्वारा निर्माणधीन नल जल योजना और पानी की टंकी का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। सीईओ ने अधूरे और प्रगतिरत निर्माण कार्यों को तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शाला में शिक्षकों की अनुपस्थिति और छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

घाना में नल जल योजना को जल्द पूरा कराने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया। इस दौरान सरपंच जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पिकअप वाहन से की जा रही थी सागौन की तस्करी, पुलिस ने पकड़ा

ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई, दस नग सागौन जब्त

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने सागौन तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में लगभग 10 नग सागौन बरामद की गई है और आगे कार्रवाई के लिए वन विभाग को सुपुर्द किया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 8 अप्रैल 2026 को रात में मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप वाहन में अवैध सागौन लकड़ी भरकर तस्कर पाली क्षेत्र से पिपरिया की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम

गठित कर झारापानी रोड पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस और वन विभाग की टीम ने पीछा कर वाहन को ग्राम पिपरिया में एक घर के अंदर खड़ा पाया। मौके से कई तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घर की तलाशी के दौरान पुलिस को पिकअप वाहन, 10 नग सागौन की सिल्लियां मिली। पुलिस ने सागौन से भरी पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से पिपरिया गांव निवासी संजय उर्फ संजू ठाकुर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पांच अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को वन विभाग के हवाले कर दिया गया है। रेंज ऑफिस रामपुर में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस और वन विभाग फरार तस्करों की तलाश कर रही है। कार्रवाई में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एएसआई विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक सुब्च्चन यादव, आरक्षक पंकज सिंह, देवेंद्र अहिरवार, अजय सिंह, वन विभाग के डिप्टी रेंजर रामकुमेश मिश्रा, वनरक्षक दिनेश, अंकित, रामफल, मुकेश, अभिषेक सहित वन विभाग की टीम शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में चोरी, नकबजनी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

बिना परमिट, फिटनेस और बगैर टैक्स दिए चलाई जा रही थी यात्री बसें

कैमोर-कटनी रोड पर आरटीओ ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिले में अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर लगातार दूसरे दिन कार्रवाई की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में कटनी-कैमोर रोड पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर गुजर रहे वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों,

फिटनेस और ओवरलोडिंग की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान दो दर्जन से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 9 वाहन विभिन्न अनियमितताओं में लिप्त पाए गए। परिवहन विभाग ने सभी दोषी वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों को थाना कुठला और 4 वाहनों को थाना कैमोर में सुरक्षित खड़ा कराया। जांच के दौरान एक ट्रक बिना वैध परमिट के संचालित होता पाया गया, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। वहीं दो यात्री बसें बिना परमिट, बिना फिटनेस प्रमाणपत्र और बिना टैक्स के संचालित होती मिलीं। इन बसों के खिलाफ भी मौके पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर संबंधित थानों में खड़ा कराया गया। इसके अलावा कई अन्य वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक भार पाया गया। ओवरलोडिंग को उल्लंघन मानते हुए विभाग ने सभी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है। कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा गया है।

सट्टा खिलाने का आरोप, गोवा से चार युवक गिरफ्तार

माधवनगर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा पर की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर क्रिकेट सटोरियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन लिफ्ट के तहत माधवनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे और उनकी टीम ने माधवनगर में सक्रिय नामी सटोरियों को गोवा से गिरफ्तार कर कटनी लाई है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे

के अनुसार माधवनगर में सक्रिया सट्टा कारोबारी जयपाल और उसकी गैंग के बंटी, पिंका आडवानी, सुनील को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है की ये सटोरिए कटनी के आलावा कल्याण, जयपुर, गोवा मे भी ब्रांच बनाकर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हैं। जांच में आरोपियो की संख्या बढ़ सकती है।

सेंट्रल बैंक में नकद की किल्लत, उपभोक्ता परेशान

नवभारत, उमरियापान। जिले के सिलौंड़ी क्षेत्र के एकमात्र सेंट्रल बैंक में लगातार कैश की कमी से हजारों उपभोक्ता इन दिनों काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। सिलौंडी सहित आसपास के लगभग 40 गांवों के लोगों के खाते इसी बैंक में होने के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। बताया जा रहा है कि महीने में करीब 10 से 12 दिन बैंक में नगद राशि उपलब्ध नहीं रहती, जिससे ग्राहकों को बार-बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में क्षेत्रभर से ग्रामीण खरीददारी के लिए सिलौंडी पहुंचते हैं, लेकिन बैंक से नगद राशि नहीं मिलने के कारण उनकी खरीददारी प्रभावित हो रही है। आम उपभोक्ता, व्यापारी, किसान, पेंशनधारी भी परेशान हैं। ग्राहकों का कहना है कि सिलौंडी में सिर्फ एक ही बैंक होने के चलते उन्हें अन्यत्र जाने का विकल्प भी नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें मजबूरी में इधर-उधर भटकना पड़ता है। लगातार बनी इस स्थिति से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित बैंक प्रबंधन और प्रशासन से जल्द से जल्द पर्याप्त कैश उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

डॉ. रोहाणी को चेंबर ने किया सम्मानित

नवभारत,जबलपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें महाकौशल चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्य समिति सदस्य डॉ. जय रोहाणी को प्रदेश में नीति एवं शोध विभाग का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। चैम्बर के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने कहा कि यह चैम्बर के लिए गर्व की बात है कि युवा सदस्य डॉ. जय रोहाणी को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। डॉ. रोहाणी को सभी पदाधिकारियों ने शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि गुप्ता, शंकर नागदेव, कार्यालय मंत्री अखिल मिश्रा, युवराज गड़वाल, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चंडोक, अनिल जैन, समीर पॉल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे और डॉ. जय रोहाणी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

नदी घाटों में रेत परिवहन के लिए बने अस्थाई रास्तों पर चली जेसीबी

जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने बुधवार को बड़वारा तहसील के विभिन्न नदी घाटों पर सघन अभियान चलाया, जिसमें कई अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई गई। अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी के नेतृत्व में खनिज, राजस्व, परिवहन और

पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने क्षेत्र के बसाड़ी, भदौरा, सकरीगढ़, सुड्डी सहित आसपास के नदी घाटों पर दबिश देकर व्यापक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि स्थानीय स्तर पर अवैध खनन और परिवहन को सुगम बनाने के लिए कई अस्थायी पहुँच मार्ग बनाए गए थे। संयुक्त अमले की मौजूदगी में इन सभी अवैध रास्तों को जेसीबी मशीन द्वारा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया, जिससे खनिज माफियाओं की गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लग सके। निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त एक वाहन को भी जब्त किया गया और उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस, राजस्व, खनिज और परिवहन विभाग की सक्रिय भूमिका रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में अनुविभागीय दंडाधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी, उपसंचालक खनिज आरके दीक्षित, तहसीलदार बड़वारा ऋषि गर्ग, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, नायब तहसीलदार हर्षवर्धन रामटेके, उपनिरीक्षक पुलिस रामनाथ साकेत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण कलेक्टर ने औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से उत्पादों के निर्यात, रोजगार नियोजन के संबंध में ली जानकारी

उत्पादन तक सीमित नहीं रहे उद्योग, गुणवत्ता और ब्रांडिंग से बनाएं राष्ट्रीय बाजार में पहचान

नवभारत, कटनी। जिले में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की पहल के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उत्पादन क्षमता, रोजगार सृजन, तकनीकी उन्नयन के संबंध में जानकारी लिया और सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया। इकाई संचालकों से निर्यात की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा किया। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, प्रबंधक राजेश पटेल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले के उद्योग सिर्फ उत्पादन तक सीमित नहीं रहें,

बल्कि गुणवत्ता और ब्रांडिंग के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बनाएं। कलेक्टर के भ्रमण की शुरुआत ग्राम इमलिया स्थित मेसर्स राधे ट्रेडर्स से हुई। नमकीन और प्राइम्स उत्पादों के निर्माण में संलग्न इस इकाई में लगभग 2.50 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और यह वर्तमान में 15 लोगों को रोजगार दे रही है। कलेक्टर ने इकाई के विक्रय नेटवर्क, कच्चे माल की उपलब्धता और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय मंडियों से कच्चे माल की खरीदी को प्राथमिकता दी जाए, जिससे स्थानीय किसानों और व्यापारियों को भी लाभ मिल सके। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन और अग्निशामक यंत्रों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 के तहत 40 प्रतिशत अनुदान प्राप्त करने वाली इस इकाई द्वारा अपनाई गई आधुनिक तकनीकों की कलेक्टर ने सराहना की। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम पडुआ स्थित मेसर्स सुखसागर फूड प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। लगभग 4 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित यह आधुनिक राइस मिल तकनीकी उन्नयन का उत्कृष्ट उदाहरण है। विशेष बात यह है कि यह एक महिला संचालित इकाई है, जिसने एमएसएमई योजना के तहत 48 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्राप्त की है और वर्तमान में 24 लोगों को रोजगार दे रही है। यहां उत्पादित पराबोइल्ड राइस और सीएमआर राइस का निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका, खाड़ी देशों और अफ्रीका तक किया जा रहा है, जो कटनी के उद्योगों के वैश्विक विस्तार का संकेत है। कलेक्टर ने उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए निर्यात प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय बाजार की संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही इकाई में स्थापित सोलर प्लांट को लेकर भी उन्होंने जानकारी ली और इसे लागत में कमी, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्टर ने उद्योग संचालकों से राज्य की औद्योगिक नीति के संबंध में भी चर्चा की।